15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur - 302018

भीम BhIM भारत इंटीग्रेशन मिशन

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

क्रमांकः F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/184 दिनांकः– 24.06.2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर के लिये राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 एवं यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पदों पर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। पूर्व में सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच करवायी जा चुकी है।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की रिट संख्या 4952/2020 में आदेश दिनांक 26.11.2020 की पालना में याचिकाकर्ता अभ्यर्थी श्री लालचन्द सिनवार पुत्र श्री जगराम सिनवार को दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया में शामिल किया गया है। उक्तानुसार **श्री लालचन्द सिनवार (आवेदन सं0 202011559858)** को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.06.2021 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे के मध्य **"राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर"** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें, इसके बाद आपको कोई भी अंतिम अवसर दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रदान नहीं किया जावेगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पद हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच में सर्वप्रथम अभ्यर्थी के राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन की जांच की जायेगी। राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन होने के बाद ही अन्य दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पैरा मेडिकल संवर्ग के लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर भर्ती–2020 के लिये दिनांक 12.06.2020 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(EWS, अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (COVID-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होवें।

सचिव